सार-समाचार

किसान सभा की बैठक आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक पर्यवेक्षक राज्य अध्यक्ष कामरेड पैमाराम की उपस्थिति में हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने के लिए जिले में सदस्यता को बढाने पर जोर दिया गया। बैठक में किसान नेताओं ने बताया कि जिले में चल रहे 765केवी ट्रांसमीटर लाइन के आंदोलन के तहत खेतों में टॉवर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को प्रशासन द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। जो सही नहीं है। प्रशासन तब तक सहयोग ना करें। जब तक प्रशासन व किसानों के बीच कंपनी के साथ वार्ता कर पूर्ण भुगतान नहीं किया जाए। बैठक में यह भी बात सामने आई कि बख्तावरपुरा में डॉ. मुकेश के खेत से लाइन डाली जा रही थी। जब डॉ. मुकेश ने काम बंद करवा दिया। तो बगड एसएचओ चंद्रभान के द्वारा गलत तरीके से किसान के घर जाकर उन्हें धमकाया गया। जबकि 14 जून 2024 की केंद्र सरकार की विद्युत मामलात के अनुसार किसानों को उसकी जमीन का, फसल का, पेडों का, मकान, कुएं का सभी प्रकार के नुकसान का अग्रिम मुआवजा एक मुश्त बाजार भाव से चार गुणा देने के बाद ही कार्य चालू करें। बैठक में यमुना जल समझौता 1994 लागू करवाने, गाय-भैंस के दूध के भाव बढाने, बकाया मुआवजा व बीमा क्लेम फसलों का तुरंत देने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल महला, जिला महामंत्री मदनसिंह यादव, उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह कुलहरि, बजरंगलाल बराला, मूलचंद खरींटा, देवकीनंदन, महावीर खरबास, शिवनाथसिंह, नहर यात्रा संयोजक रणधीर सिंह ओला, सुमेर बुडानिया, अरविंद गढवाल आदि मौजूद थे।

फागोत्सव में झूमे शहरवासी

चूरू (निसं)। स्थानीय गढ़ चौराहे पर शनिवार को शानदार फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान राजा बल के दरबार मंडी रे होळी रे, कानुडा लाल घडलो म्हारो भरदे, ओ देवर म्हारो रे जैसे अनेक धमालों पर दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम बुंटीनाथ आश्रम के महंत निरंजन नाथ, झारिया धाम के आकाश नाथ के सानिध्य में हुआ। इस दौरान रमाकान्त भाऊवाला, अजीत, नमन, आयुष, मानस व पंकज ने विधायक हरलाल सहारण व भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का माल्र्यापण कर, साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर बांसुरी वादक सोहन शर्मा, मुन्ना शर्मा, राजेश सैनी, नगारा वादक पं. उमेश व्यास, सुनील व्यास, गायक राकेश दाधीच, नीरज गौड, नोगा पण्डित, इन्तजार, उमेश दाधीच को दुपट्टा पहनाकर व सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर 93 वर्षीय मोतीलाल सोनी ने भी ठुमके लगाये। कार्यक्रम में श्याम सुंदर शर्मा, अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, अमित, सुरेश सारस्वत, घनश्याम शर्मा, सुशील बजाज, सुरेश बजाज, विनोद बागला, सुशील अग्रवाल, राकेश गोयल, अनिल कानखेडिया, विनोद सरावगी, मोहन चुलेट, राजेश शर्मा, राकेश अग्रवाल सहित बडी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

फागोत्सव का शुभारम्भ किया

चूरू (निसं)। सुराणा भवन में शनिवार रात्रि को फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने चंग बजाकर किया। कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, झारिया धाम के आकाश नाथ महाराज, प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राकसिया, मोहन लाल गढ़वाल व सुनील ढाका थे। इस अवसर पर सोनू हारित, मंडल उपाध्यक्ष गजानंद गौड, पंकज ओझा, रुपेश टिमटिमिया, धनराज सैनी, परमेष्वरी प्रजापत, पुरुषोत्तम शर्मा, विनोद ओझा ने आगंतुक अतिथियों का माल्र्यापण कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि ये त्यौहार हम-सब को प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हैं। जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि चूरू की इस गंगा जमुनी तहजीब की विशेषता है कि हम-सब मिलजुलकर त्यौहार मनाते है। प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला ने कहा कि शेखावाटी अंचल के इस त्यौंहार से हम सब में एकता का भाव पैदा होता है। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धमालों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर राकेश गुर्जर, मुकेश सैनी, मुकेश साहू रतनगढ़, सत्य गौड, अनिल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

केशरदेव तुलस्यान का जन्मदिवस मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं माई झुंझुनूं डॉट कॉम एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संस्थापक केशरदेव तुलस्यान का 84वां जन्म दिवस चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस में निज निवास स्नेह आंगन पर पारिवारिक सदस्यों के साथ सोमवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इससे पूर्व केशरदेव तुलस्यान ने श्री गोपाल गौशाला में गौमाता को गुड, तिल, अजवाण, मेथी इत्यादि से निर्मित श्री गऊ लड्डू सवामणी गौवंश को खिलाई तथा निज निवास स्थित मंदिर में कुलदेवी श्री राणीसतीजी दादी जी सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर अपराह्न में तुलस्यान ने अपने 84वें जन्म दिवस का केक काटकर सभी के साथ खुशियां बांटी। केशरदेव तुलस्यान का परिवारजन द्वारा साफा एवं दुपट्टा पहना कर माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्नेहलता तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, नेहा तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान एवं प्रिषा तुलस्यान उपस्थित थी। इस अवसर पर जो परिवार जन झुंझुनूं नहीं आ सके उनमें पड़पौत्र विहान तुलस्यान, सुपौत्र वधु अभिलाषा एवं सुपौत्र योगेश तुलस्यान सहित अन्य जन ने फोन पर शुभकामनाएं दी।

रामकुमार सैनी श्याम मंदिर के ट्रस्टी बने

डूंडलोद (निसं)। भाजपा के जिला मंत्री, सैनी समाज के जिला उपाध्यक्ष मुकुंदगढ़ निवासी समाजसेवी रामकुमार सैनी पुत्र नारायणराम सैनी यहां के श्याम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी बने हैं। उन्होंने मंदिर कोष में एक लाख 51 हजार रुपयों का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. केडी यादव, अध्यक्ष सुभाषचंद्र भूत, उपाध्यक्ष दिनेशचंद्र यादव, सचिव सुरेशचंद्र यादव, संयुक्त सचिव मनोज सदाफल एवं मंदिर कमेटी के सदस्य मुकेश पारीक ने ट्रस्टी बनने पर रामकुमार सैनी का आभार प्रकट किया है। डॉ. केडी यादव ने विश्वास प्रकट किया है कि मंदिर में सुविधाओं के विस्तार एवं अन्य निर्माण कार्य में रामकुमार सैनी का सहयोग मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि रामकुमार सैनी का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थानों एवं संस्थाओं के निर्माण, संचालन तथा रखरखाव में सराहनीय योगदान रहा है।

आज 5 घंटे बिजली बंद रहेगी

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर ओवर ब्रिज निर्माण हेतु विद्युत लाइन रखरखाव के लिये सोमवार को दो घंटे विधुत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता शहर द्वितीय ओम प्रकाश जाखड ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को प्रात: 7:30 से 9:30 बजे तक 11 केवी सिटी प्रथम व सिटी द्वितीय फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत रेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड, राठौड होटल के पीछे, लोहिया कॉलेज के पीछे, शास्त्री मार्केट, नई सडक, क्षीर सागर कुआं, रानी सती मंदिर, पुलिस लाइन, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार आदि क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। व 33 केवी सातडा लाईन विद्युतीकरण के लिए 10 मार्च सोमवार प्रात: 8 से दोपहर 12 बजे तक रतनगढ़ रोड से महिंद्रा एजेंसी तक विधुत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसमें पंखा सर्किल, हनुमान जी की ढाणी, गुर्जरों की ढाणी, आपणों नगर, राम रहीम कॉलोनी व इनसे सम्बन्धित क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

आर्थिक सहायता प्रदान की

झुंझुनूं, (निसं)। करीब 15 साल से जंजीरों में जकडे झुंझुनूं जिले के मंडावा निवासी मुस्तफा का जयपुर में इलाज जारी हैं। अब मुस्तफा के परिवार की मदद के लिए भी लोग मदद को हाथ बढ़ाने लगे हैं। मुस्लिम न्याय मंच ने मंडावा के मुस्तफा के घर पहुंचकर मुस्तफा के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। मुस्लिम न्याय मंच के जिलाध्यक्ष इमरान बड़गुर्जर ने मुस्तफा के परिजनों से मिलकर उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। मुस्लिम न्याय मंच की ओर से मुस्तफा के परिवार को आर्थिक सहायता के साथ राशन सामग्री प्रदान की गई। मुस्लिम न्याय मंच के जिलाध्यक्ष इमरान बडगुर्जर ने बताया कि हर संभव मुस्तफा के परिवार की मदद की जाएगी। मुस्तफा के परिवारजनों ने सहयोग के लिए मुस्लिम न्याय मंच का आभार जताया।

बाय सरपंच तारा देवी पूनियां सम्मानित

कोलसिया, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राजनीति की पाठशाला संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम शक्ति संगम 2025 नारी शक्ति सम्मान जयपुर के तक्षिशला बिजनेस स्कूल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तारादेवी पूनियां बाय सरपंच को उत्कर्ष कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

आने वाले सभी त्योहार आपस में भाईचारे की भावना के साथ मिलजुल कर मनाएं : एडीएम

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में पांच दिवसीय फागोत्सव कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका परिसर में शांति समिति एवं सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुजानगढ़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर मंगलाराम गोदारा, एडिशनल एसपी दिनेश कुमार, रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा , रतनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार, तहसीलदार जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कमलेश सैनी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई।

राजलदेसर कस्बे में पांच दिवसीय फागोत्सव कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका परिसर में शांति समिति एवं सीएलजी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पांच दिवसीय फागोत्सव कार्यक्रम को लेकर उपस्थित सदस्यों ने अधिकारियों को सुझाव दिए। जहां-जहां कार्यक्रम आयोजित होने हैं वहां के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मंगलाराम गोदारा ने कहा कि सभी त्योहार आपस में भाईचारे की भावना के साथ मनाएं एवं साथ ही प्रशासन एवं पुलिस का पूरा सहयोग करें कोई भी समस्या हो इसके लिए हमें आप अवगत करवाएं । इस अवसर पर एडिशनल एसपी दिनेश कुमार ने कहा राजलदेसर कस्बे में होली पर प्रसिद्ध जो नृत्य होता है वह शेखावाटी क्षेत्र में एक अलग ही पहचान है उन्होंने कहा पुलिस के साथ-साथ जनता का भी सहयोग जरूरी है। अकेले पुलिस कुछ नहीं कर सकती उन्होंने कहा पिछली बार होली पर 37 व्यक्तियों की मेडिकल एमएलसी हुई लेकिन इस बार ये घटना वापस नहीं होनी चाहिए। जब यह त्यौहार आप मानते हो तो इस तरह की हरकत नहीं करनी चाहिए साथ ही उन्होंने कहा दोनों नृत्य स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए इसके अलावा सुभाष चौक में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए जिस पर उपस्थित दोनों नृत्य कला मंडल के अध्यक्षों ने उनकी बात पर सहमति जताई।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रामकुमार ने कहा होली का त्योहार रंगों का है यहां पर सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर इस त्यौहार को मनाते हैं एवं विशेष कर उन्होंने दोनों जगह पर अपने वॉलिंटियर तैयार करने की बात कही। वही रतनगढ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि नृत्य के दौरान जो भी बडी लाठी, हॉकी, धारदार हथियार लेकर आएगा उस पर कडी से कडी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहेगा साथ ही उन्होंने कहा जहां भी कार्यक्रम आयोजित हो इसकी सूचना आप पुलिस प्रशासन प्रशासनिक अधिकारियों को अवश्य दें । ताकि उस हिसाब से पुलिस की व्यवस्था की जा सके इस अवसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम को आप शांतिपूर्ण संपन्न करवाई एवं जो भी कार्यक्रम स्थल पर अशांति फैलाएगा । उस पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही पुलिस द्वारा कस्बे में लगातार कस्बे की हर निगरानी पर पहली नजर रहेगी।

■ शांति समिति एवं सीएलजी की बैठक आयोजित

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा को सफाई व्यवस्था विद्युत व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए कार्यक्रम के दौरान गांधी चौक नृत्य कला मंडल अध्यक्ष संजय महावर, मैन बाजार घींदड परिषद के अध्यक्ष भंवरलाल नाई ने सभी अधिकारियों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों के दिए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा व पांच दिवसीय कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न करवाया जाएगा। इस अवसर पर कस्बे के अनेकों व्यक्ति उपस्थित रहे । वहीं भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पवन बोथरा, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल खडोलिया ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर मंगलाराम गोदारा को कस्बे की विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाया।

लघु कथा विशेषांक का विमोचन

सादुलपुर, (निसं)। साहित्य समिति की ओर से महिला दिवस समारोह का आयोजन शनिवार सायं ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में ब्र.कु.शोभा बहिन के सान्निध्य में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. संतोष ढाका, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, झुंझुनू तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमन जाखड सी बी ओ, डॉ. सुशीला बलौदा प्रधानाचार्य व डॉ. हर्षिता राव पीएमओ प्रभारी सी एच सी राजगढ थी।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व कुमारी पुष्पा द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति से शुरू हुए कार्यक्रम में राजगढ क्षेत्र की देहदान का संकल्प करने वाली पूनम कुमारी, संगीता देवी, कमलेश, भंवरी देवी का समाजसेवी ताराचंद गोठवाल के सौजन्य से अभिनंदन किया गया। प्रथम देहदानी स्वर्गीय जयदेवी इंसां के पति महावीर लाठर को भी अतिथियों ने शॉल, प्रमाण-पत्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में नगर के गणमान्य जन व महिलाएं उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि डॉ.संतोष ढाका ने महिलाओं के प्रति शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए महिलाओं को सामाजिक रूप से सुदृढ होने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ सुमन जाखड ने वैदिक काल में महिलाओं को प्राप्त गौरव को पुन: स्थापित करने की बात कही। डॉ सुशीला बलौदा ने महिलाओं की दशा और दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। पीएमओ डॉ. हर्षिता राव व समाजसेवी पवन गोठवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

पेड से गिरा युवक, मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ के निकटवर्ती गांव डोकवा की रोही में खेजडी के पेड से गिरने के कारण रविवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। शाम छ: बजे दर्ज मामले में थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि राकेश कुमार जाट (30) निवासी डोकवा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 9 मार्च 2025 को हमेशा की तरह उसके पिता रण सिंह जाट बकरियों को चराने के लिए खेत में लेकर गए थे। दोपहर को खाना खाने पर नहीं लौटे तो वह तथा उसका भतीजा पवन कुमार उसके पिता की रोटी देने खेत में पहुंचे तो जाकर देखा कि उसके पिता खेजडी के पेड के नीचे बेहोशी की हालत में पडे थे। तब उसने तथा पवन ने पिता को पानी पिलाया तथा वह गांव से गाडी मंगवा कर सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। दर्ज मामले में बताया कि उसके पिता खेत में बकरियों के लिए खेजडी के पेड की टहनी काट रहे थे। अचानक उनका पैर फिसलने से संतुलन बिगड गया और उसके पिता जमीन पर गिर गए। जिसके उनकी मौत हो गई।

श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा आज

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री श्याम भक्त झूमते, गाते, गुलाल लगाते बाबा श्याम के जयकारे के साथ 10 मार्च सोमवार को चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान अर्पण करेंगी। रंग बिरंगे सजे-धजे निशान और साथ में फूलों की बारिश के बीच निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

संस्था के मुख्य ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा में 31 निशान होंगे। जिसमें एक निशान बालाजी का एवं कुछ छोटे निशान बच्चों के भी बाबा श्याम को चढाए जाएंगे। जिसमें केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, विजय कुमार सुनिल कुमार तुलस्यान, श्रवण कपिल केजड़ीवाल, सीए पवन केडिया, इंद्रचंद तुलस्यान, विजय विपिन राणासरिया एवं गुप्त श्याम भक्त सहित कुल आठ श्याम भक्तों की ओर से एक 211 ग्राम का चांदी का निशान भी बाबा श्याम को अर्पित किया जाएगा। इससे पहले चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस स्थित आशीर्वाद बालाजी मंदिर में 10 मार्च सोमवार एकादशी सुबह 9:15 बजे निशानों की पूजा अर्चना एवं बाबा श्याम की ज्योत पंडित महावीरप्रसाद शर्मा बिदासर वालों के आचार्यत्व में ली जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम खेतान मोहल्ला में बाबा श्याम के दरबार में श्याम भक्त सुशील श्रवण रिंगसिया एवं रघुनाथ प्रसाद पोद्दार की ओर से छप्पन भोग एवं फलों का प्रसाद लगाया जाएगा। श्री श्याम निशान पदयात्रा को गरिमामय रूप से संपन्न करवाने में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, आशीर्वाद पैलेस के परिवारजनों में केशरदेव तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, केशव पंसारी, अरुण ढंढारिया, सुशील रिंगसिया, सौरभ रिंगसिया, अशोक अनुज गाडिया, रोहित भगत, नवीन जालान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, स्मित जालान, कृष्ण गोपाल चौधरी, दिलीप हंसासरिया, राकेश एवं मुकेश टेकड़ीवाल गणमान्य जन में विजयकुमार तुलस्यान, माधव तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, अशोक तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, योगेश खंडेलिया, हरीश खंडेलिया, आशीष जालान, प्रदीप पाटोदिया, नरेंद्र व्यास एवं आशीष श्रीमोहन तुलस्यान सहित अन्य गणमान्य जन का सपरिवार प्रतिवर्ष सराहनीय योगदान रहता है।

कोई भी विप्र बंधु सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहें : रामपुरा

चूरू (निसं)। स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर में विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन प्रथम बी की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, प्रदेशाध्यक्ष धनसुख तावनिया, प्रभारी भंवर पुरोहित, विप्र युवा प्रकोष्ठ के सुनील मिश्रा, सीमा मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा राजगुरु जिला अध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा के आतिथ्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती व भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व स्वस्तिवाचन कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा ने कहा कि कोई भी विप्र बंधु जो गांव व ढ़ाणी में निवास कर रहा है और सरकार की योजना से वंचित हैं तो विप्र फाउंडेशन के कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह उसे सरकार की मुख्य धारा से जोड़ कर योजना का लाभ दिलावें। उन्होंने महिलाओं को विप्र फाउंडेशन के कार्यक्रम में अधिकाधिक जोड़ने का आहवान किया। प्रदेश प्रभारी भंवर पुरोहित ने कहा कि ब्राह्मण जाति नहीं है, ब्राह्मण एक संस्कृति है, जो प्रत्येक समाज को सही दिशा देकर उसके व्यवहार में बदलाव लाता है। जिससे न केवल एक अच्छे समाज का निर्माण होता है बल्कि देश भी मजबूत बनता है। उन्होंने ब्राह्मण समाज के अनेक संगठन बनने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे ब्राह्मण समाज की क्षति हो रही है, जो कभी भी पूरी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने विप्र बंधुओं को संगठित होने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत ने कहा कि विप्र फाउंडेशन के कार्यकर्ता धरातल से जुड़कर कार्य करता है, जिसके परिणाम स्वरूप आज यह अंतराष्ट्रीय संगठन बन गया है। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन की नीति-रीति के अनुसार हमें काम करना होगा, जिससे विप्र समाज आगे बढ़ सके। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष सीमा मिश्रा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग करने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा का सहारा लेकर हमें समाज को बदलने की आवश्यकता है।

चंग की थाप पर थिरकी महिलाएं

चूरू (निसं)। निकटवर्ती गांव घंटेल स्थित त्रिनेत्र योग धाम में होली के अवसर पर शनिवार देर शाम बसंतोत्सव 2025 का आगाज किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने धमाल और लोकगीतों का आनंद उठाया।

डॉ. मनोज योगाचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए महिलाओं की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षिका विनीता शर्मा के नेतृत्व में चंग की थाप पर ताल से ताल मिलाकर सभी ने एक साथ नृत्य किया। श्री श्याम ढ़प मंडली चूरु के सानिध्य में हुये कार्यक्रम में मुख्य गायक महेश हारीत व राजेंद्र चौबे ने लोकगीतों और धमालों की स्वर लहरिया बिखेरी।

सार-समाचार

हिस्ट्रीशीटर सहित चार बदमाश गिरफ्तार

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के धनूरी थाने के हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया ओर उसके गुर्गो द्वारा गब्बर गैंग के बदमाश दीपक मालसरिया पर किए गए हमले के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने वारदात में काम में ली गई तीन गाडियों को भी जब्त किया हैं। शहर कोतवाल नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बदमाश दीपक मालसरिया पर हुई हमले के मामले में हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया के चार गुर्गो को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बिसाऊ थाने के हिस्ट्रीशीटर जंगशेर उर्फ मुस्तफा तथा सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर आबूसर निवासी कार्तिक जाट तथा अजय जाट ओर अंकित रेप्सवाल को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस ने वारदात के काम मे ली गई तीन गाड़ियों को भी जब्त किया हैं। सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर कार्तिक जाट पर विभिन्न 16 मामलें दर्ज हैं। पुलिस टीम शेष बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। शहर कोतवाल नारायण सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दीपक मालसरिया ने करीब पांच-छह साल पहले 2019 में डेनिस बावरिया को धमकी दी थी। तभी से डेनिस के मन में दीपक मालसिरया को लेकर टीस चल रही है। अब डेनिस खुद को दीपक से ज्यादा पॉवरफुल मानने लगा है। इसी के चलते अब डेनिस 2019 में दी गई धमकी का बदला लेने के लिए लगातार दीपक मालसरिया पर हमले की कोशिश कर रहा है। चूरू रोड पर दो दिन पहले हुए हमले से पहले भी एक बार डेनिस ने अपने साथियों के साथ दीपक पर हमला करने की कोशिश की थी। पुलिस की अब तक की पूछताछ में यह भी सामने आया है कि दीपक पर हमला करने के लिए खुद डेनिस अपने साथियों के साथ आया था। पुलिस ने हालांकि वारदात में काम लिए गए तीनों वाहनों को जब्त कर लिया है। वहीं शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है।

कैंपर गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

खेतडी, (निसं)। खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के बडाऊ गांव के पास देर रात को श्याम बाबा के जा रहे पदयात्री को तेज गति से आई कैंपर गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हैड कांस्टेबल राजेश कुमार ने बताया कि पचेरीकलां थाना क्षेत्र के देवलावास निवासी कपिल (22) पुत्र जयवीर सिंह गांव के अन्य लोगों के साथ अपने गांव से पैदल खाटू श्याम बाबा के जा रहा था। रात करीब दस बजे वह बडाऊ के पास पैदल सडक किनारे जा रहा था कि पिछे से आई कैंपर गाडी ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह घायल होकर सड़क पर ही गिर गया। हादसे के दौरान अन्य पदयात्रीयो ने उसे घायलावस्था में बडाऊ के राजकीय सामुदायिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर खेतड़ीनगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। मृतक कपिल अपने परिवार में इकलौता है उसके एक छोटी बहन है। वह बीए द्वितीय वर्ष में पढाई करता है। मृतक के पिता जयवीर सिंह खेती-बाडी का काम करते हैं। हादसे की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में शव को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। एचसी राजेश कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

धमाल गीतों का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं सहित शेखावाटी क्षेत्र में होली का त्योहार बडे ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता हैं। होली के त्योहार यहां के लोगों के लिए सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। फाल्गुन माह शुरू होते ही गांवों मे फाल्गुन की मस्ती परवान पर हैं। गांवों में शाम के समय लोग पारंपरिक लोकगीत गाते हुए ढप-चंग की थाप पर नाचते हैं। जो फाल्गुन की मस्ती को और भी खास बना देता है। गांवों में होली के दौरान गाए जाने वाले गीतों में प्रेम, भक्ति और मस्ती के भाव छिपे होते हैं। जो इस त्यौहार को और भी मनमोहक बना देते हैं। यहां की होली त्योहार सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। होली पर्व से पहले गांवों में फाल्गुन की ढप-चंग की थाप पर थिरकते ग्रामीणों से बताया की बसंती पंचमी से ही गांवों में फागोत्सव शुरू हो जाता हैं। गांवों में ढप-चंग मंडलिया धमाल गायन करती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि धमाल लोक संस्कृति को बताती हैं। इसमें धार्मिक वृतांत और पुराने समय के पारिवारिक पवित्र रिश्तों को धमाल के मध्यम से गाया जाता हैं। धमाल होली के पर्व को अनूठा बनाते हैं। जिसके कारण एनी प्रदेशों में रहने वाले शेखावाटी के लोग होली यहां आकर मनाते हैं।

इत्र और फूलों की होली खेली

सीकर (निसं)। महामंदिर रोड स्थित श्री कल्याण ज़ी के मंदिर में होली के पावन अवसर पर विष्णु भगवान के दरबार में रंग बिरंगे फुलों इत्र एवं रंगों की होली खेली गई। यह जानकारी देते हुए मन्दिर के व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि सभी श्री जी भक्तों द्वारा धर्माचार्य सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में" होली के रंग कल्याण धणी के संग" भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अलवर के विशेष कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण का अभिनय करते हुवे विष्णु भगवान के संग रंग बिरंगे फूलों ईत्र की महक एवं रंगो की होली खेली गई। महिलाओ द्वारा भजन कीर्तन कर कल्याण जी महाराज रिझाया। धर्माचार्य सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा ने कहा कि इस दौरान गीता देवी जोशी डॉक्टर ऐश्वर्या सैनी कविता चौधरी सीता देवी जोशी किनर माही शेखावत आशा अग्रवाल संतोष देवी सरोज तोदी मंजू अग्रवाल सुनीता शर्मा संजय कौशिक सुरेश शर्मा अमित शर्मा सुरेश पारीक रवि प्रधान अक्षय सैन महेश सैनी पार्षद गोपाल शर्मा चंद्र मोहन कुमावत अनिल अग्रवाल सहित सैकड़ों भगत मौजूद रहे।

युवा शिक्षा के साथ पर्यावरण के प्रति सजग रहें : राहुल द्विवेदी

चूरू (निसं)। ओम कॉलोनी स्थित ओंकार वाटिका में पर्यावरण, वन व जलवायु सरंक्षण संस्थान की ओर से रविवार को एक पेड मां के नाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के राष्ट्रीय चैयरमैन राहुल द्विवेदी व संस्थान की राष्ट्रीय निदेशक रश्मी शर्मा ने किया।

राष्ट्रीय चैयरमैन राहुल द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान युग में हमें पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में पौधें लगाना चाहिए, जिससे वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सकेगा।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। द्विवेदी ने कहा कि युवाओं को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि वे शिक्षा के साथ पर्यावरण के प्रति सजग रहें। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें कचरे को कम करना होगा। पानी और बिजली का इस्तेमाल कम करना, पेड़ लगाने, और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना होगा।

'एक पेड मां के नाम' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कचरे को रिसायकल करें ताकि उसे दोबारा इस्तेमाल किया जा सके। प्लास्टिक की बोतलों और बैग के बजाय, दोबारा इस्तेमाल होने वाले कंटेनर और बैग का इस्तेमाल करें। संस्थान की राष्ट्रीय निदेशक रश्मी शर्मा ने कहा कि पेड लगाने से हमें शुद्ध हवा मिलती है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के मुद्दों की जानकारी कर पर्यावरण को बचाने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। अपने समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर स्थानीय संगठनों से जुडें और उनकी गतिविधियों में भाग लेंवे। पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद खरीदें। स्थानीय और जैविक उत्पादों को प्राथमिकता दें। मीट और डेयरी उत्पादों का सेवन कम करें। स्थानीय और मौसमी भोजन का सेवन करें। अनावश्यक वस्तुओं की खरीद से बचें।

वस्तुओं को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए नए तरीके खोजें। प्लास्टिक के थैलों और अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक से बचें। वस्तुओं को फेंकने की बजाय मरम्मत करें, सहित अनेक विचारों पर मंथन किया गया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के उपनिदेशक नरेश टूहानिया, हरिराम रोहिला, ममता वर्मा, विजय कुमार वर्मा, मदन गोपाल बालाण, देवेन्द्र सिंह, विक्रम पारीक व ख्यालीराम आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर संस्थान के जिला प्रमुख पृथ्वी सिंह, उप जिला प्रमुख विनोद कुमार नामदेव, उप जिला प्रमुख गजेन्द्र सिंह शेखावत, सदस्य नवीन कुमार, सर्वेश वर्मा, भरत राव, परितोष सागु, विठल व कल्पेश आदि ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यशाला का संचालन मुन्नीराम शीला ने किया।